# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 दिसंबर, 2023

## मेरा गाँव मेरी धरोहर परियोजना

संस्कृति मंत्रालय ने मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD) कार्यक्रम के तहत सभी गाँवों का मानचित्रण तथा प्रलेखन करने का निर्णय लिया है।

- सांस्कृतिक मानचित्रण पर यह राष्ट्रीय मिशन संस्कृति मंत्रालय के तहत **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA)** के समन्वय से संचालित किया जाता है।
- **MGMD** पर एक वेब पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। MGMD कार्यक्रम **भारतीय गाँवों के जीवन, इतिहास तथा लोकाचार की विस्तृत जानकारी संकलित करने** एवं इसे आभासी व वास्तविक समय के आगंतुकों के लिये उपलब्ध कराने का प्रयास करता है।
- MGMD के तहत **सात व्यापक श्रेणियों जैसे- कला और शिल्प गाँव, पर्यावरणीय दृष्टि से उन्मुख गाँव आदि के तहत जानकारी एकत्र की जाती है।**

**और पढ़ें...**प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना

## PMBJP के तहत सुविधा सेनेटरी नैपकिन

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय** ने हाल ही में **महिलाओं के स्वास्थ्य** एवं मासिक धर्म स्वच्छता **उत्पादों** तक पहुँच बढ़ाने के लिये प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के तहत एक पहल, जन औषधि सुविधा सेनेटरी नैपकिन की ओर ध्यान आकर्षित किया है।


- जन औषधि सुविधा सेनेटरी नैपकिन पूरे भारत में **जन औषधि केंद्रों** पर 1 रुपए प्रति पैड की **रियायती कीमत** पर उपलब्ध है।
  - अपनी स्थापना के बाद से 30 नवंबर, 2023 तक, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से 47.87 करोड़ से अधिक की जन औषधि सुविधा सेनेटरी पैड बेचे गए हैं।
  - सैनिटरी पैड ऑक्सी-बायोडिग्रेडेबल हैं और अच्छी गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हैं।
- **PMBJP** जनता को **सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएँ उपलब्ध कराने के लिये फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा** शुरू किया गया एक अभियान है।
  - जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराने के लिये **PMBJP** स्टोर स्थापित किये गए हैं, जो कम कीमत पर उपलब्ध हैं लेकिन गुणवत्ता और प्रभावकारिता में महँगी ब्रांडेड दवाओं के बराबर हैं।

**और पढ़ें...** **जन औषधि दिवस**, **PMBJP की समीक्षा**

## IMO ग्रीन वॉयज-2050 प्रोजेक्ट

भारत को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) **ग्रीन वॉयज-2050 परियोजना** के लिये अग्रणी देश के रूप में मान्यता दी गई है, जो जहाज़ों से ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

- ग्रीनवॉयज-2050 प्रोजेक्ट नॉर्वे सरकार और IMO के बीच वर्ष 2019 में शुरू की गई एक साझेदारी परियोजना है, जिसका लक्ष्य **शिपिंग उद्योग को न्यून कार्बन वाले भविष्य** के उद्योग में बदलना है।
- प्रारंभिक IMO रणनीति वर्ष 2008 के स्तर के सापेक्ष **वर्ष 2050 तक कुल वार्षिक GHG उत्सर्जन में न्यूनतम 50% की कटौती** करने के लिये एक स्पष्ट दृष्टिकोण निर्धारित करती है।
- **ग्रीनवॉयज-2050 प्रोजेक्ट पर 12 देशों में काम चल रहा है:** अज़रबैजान, बेलीज़, चीन, कुक आइलैंड्स, इक्वाडोर, जॉर्जिया, भारत, केन्या, मलेशिया, सोलोमन आइलैंड्स, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका।
  - इसमें हिस्सा लेने वाले देशों को मोटे तौर पर "**नए पायलट देश**" और "**अग्रणी पायलट देश**" में वर्गीकृत किया जा सकता है।




//

**और पढ़ें...** [अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन परिषद हेतु भारत पुनः निर्वाचित](), [शिपिंग ईंधन पर IMO दिशा-निर्देश]()

## पिन्ना नोबिलिस

एक विशाल क्लैम/सीपी जो विलुप्त होने के कगार पर था, क्रोएशिया के समुद्रों में पर्याप्त संख्या में पाया गया है।

- **क्लैम,** जिसे **नोबल पेन शेल अथवा पिन्ना नोबिलिस** के नाम से जाना जाता है, वर्ष 2016 के आसपास भूमध्य सागर के कुछ हिस्सों में एक घातक रोगजनक के रूप में फैलकर खत्म होने लगा।
- क्लैम, **जिनके खोल 1.2 मीटर तक बढ़ सकते हैं**, **समुद्री जल को शुद्ध करके** तथा अन्य जीवों के विकास को बढ़ावा देकर **एक अहम पारिस्थितिक भूमिका निभाते हैं।**
- उन्हें **एड्रियाटिक और इस्त्रिया प्रायद्वीप** में देखा गया है।



**और पढ़ें...**[गंभीर रूप से संकटग्रस्त]()

## वेड इन इंडिया

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने **उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट** को संबोधित करते हुए उत्तराखंड की अप्रयुक्त क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर दिया, **'हाउस ऑफ हिमालय'** ब्रांड को मान्यता दी और [मेक इन इंडिया]() आंदोलन की तरह **'वेड इन इंडिया'** आंदोलन की वकालत की।

- उन्होंने संपन्न वर्ग से अपील की कि वे विदेशों में जाकर डेस्टिनेशन वेडिंग के बजाय यहीं भारत में शादियाँ करने पर **पुनर्विचार** करें।
- **हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड** राज्य के **स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाज़ारों में स्थापित** करने का एक प्रयास है जो **'वोकल फॉर लोकल'** अभियान को मज़बूत करेगा।

# सर्वोच्च न्यायालय ने क्षेत्रीय भाषा अभिगम हेतु SUVAS पेश किया

हाल ही में भारतीय कानून मंत्री ने कहा कि [सर्वोच्च न्यायालय](#) ने कानूनी कार्यवाही में क्षेत्रीय भाषा के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिये एक **AI-संचालित अनुवाद उपकरण SUVAS पेश किया** है।

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के सहयोग से विकसित यह विशेष उपकरण वर्तमान में अंग्रेज़ी न्यायिक दस्तावेज़ों का ग्यारह भारतीय भाषाओं में अनुवाद करता है।
- इसके अतिरिक्त **भारत के मुख्य न्यायाधीश** ने कहा कि **ऐतिहासिक केशवानंद भारती निर्णय सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर 10 भारतीय भाषाओं** में उपलब्ध है, जो निर्णय के 50 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है।
  - केशवानंद भारती मामले में संवैधानिक पीठ ने 7 : 6 के बहुमत से निर्णय सुनाया कि **संसद संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है, जब तक कि वह संविधान की मूल संरचना या आवश्यक विशेषताओं में बदलाव या संशोधन नहीं करती है।**

**और पढ़ें...** भारतीय न्यायपालिका का सुदृढ़ीकरण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-december,-2023